आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का शुभारंभ किया।
- गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने पौड़ी में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की।
- आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रही नई मजबूती।
- **और,** चम्पावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में वट सावित्री पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

---

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के नानकमत्ता में आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का शुभारंभ किया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नानकमत्ता साहिब की पावन धरती, जहां गुरुओं का आशीर्वाद सदैव बना रहता है, वहां महाराणा प्रताप जैसे महान राष्ट्रनायक का स्मरण करना गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायी गाथा है, जो आज भी हर भारतीय को ऊर्जा और गौरव से भर देती है। उन्होंने थारू समाज की परंपराओं, लोकगीतों, लोकनृत्यों और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को उत्तराखंड की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके लिए योजनाओं को व्यावहारिक और सरल बनाया जा रहा है।

**सांसद/बैठक**

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने आज पौड़ी स्थित विकास भवन सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खेल, संचार और सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से

चर्चा की गई। सांसद ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए।

## क्रॉप कटिंग

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने आज चंबा विकासखंड की बमुंड–पट्टी स्थित लावाधार गांव में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग की। इस दौरान उन्होंने बताया कि क्रॉप कटिंग एक पुरानी लेकिन बहुत महत्वपूर्ण विधि है , जिसके माध्यम से फसलों के उत्पादन का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे जिले में चयनित खेतों में नियमित रूप से क्रॉप कटिंग कर कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

## नो व्हीकल डे

ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना विभाग में आज नो व्हीकल डे मनाया गया। शासन के निर्देशों के क्रम में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, साइकिल और पैदल कार्यालय पहुंचकर इस पहल में सहभागिता की। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी खुद साइकिल से सूचना निदेशालय पहुंचे। वहीं अपर निदेशक सार्वजनिक परिवहन से दफ्तर पहुंचे। साथ ही अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक स्कूटी, साइकिल का उपयोग कर इस अभियान को सफल बनाया। सूचना महानिदेशक ने कहा कि छोटे–छोटे प्रयास सामूहिक रूप से बड़े सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा विभाग द्वारा इस पहल को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

## आदि कैलाश यात्रा

पहली मई से शुरू हुई आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पिथौरागढ़ पहुंच रहे हैं। मात्र 16 दिनों में ही 10 हजार से अधिक श्रद्धालु आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आदि कैलाश यात्रा से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिल रही है। विशेष रूप से होमस्टे, होटल व्यवसाय, स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प और परिवहन सेवाओं से जुड़े लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। सीमांत क्षेत्रों में संचालित होमस्टे में इस वर्ष विशेष रौनक देखने को मिल रही है, जिससे स्थानीय लोगों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा अब केवल धार्मिक आस्था का ही केंद्र नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों के आर्थिक विकास, स्वरोजगार और पर्यटन आधारित आजीविका का एक मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचने से सीमांत क्षेत्र विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## वट सावित्री

चम्पावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में आज वट सावित्री का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बागेश्वर के बागनाथ मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिले के दूर–दराज क्षेत्रों से पहुंचीं महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिर परिसर में स्थित वट वृक्ष की पूजा–अर्चना की और पति की दीर्घायु, परिवार की सुख–समृद्धि तथा अखंड सौभाग्य की कामना की। श्रद्धालु उमा गुरुरानी ने कहा कि वट वृक्ष की पूजा करने से मन को शांति मिलती है और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना पूरी होती है।

वहीं, पंडित पूरन जोशी ने बताया कि वट सावित्री पर्व का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है।

उधर, चम्पावत और पिथौरागढ़ में भी सुबह से ही महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिरों और वट वृक्ष की पूजा–अर्चना की तथा पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की।

## रोजगार मेला

चम्पावत जिला सेवायोजन कार्यालय में आज रोजगार मेला आयोजित किया गया। टाटा मोटर्स की सहायक कम्पनी की ओर से 900 रिक्तियों के लिए लगाए गए भर्ती मेले में सैकड़ों बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती कम्पनी के पंतनगर–रुद्रपुर प्लांट में की जाएगी। जिला सेवायोजन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद पन्त ने बताया कि रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के भीतर पंतनगर में नियुक्ति के लिए बुलाया जाएगा।

रोजगार मेले में साक्षात्कार देने वाली सुमन और सूरज ने इसके लिए सरकार का आभार जताया।

.....